कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/16/02/2020-रा.भा.

दिनांक: 28.6.2025

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल/ क.रा.बी.निगम अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/दंत्य महाविद्यालय/नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय(चिकित्सा)दिल्ली/ निदेशालय(चिकित्सा)नोएडा।

विषय : कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों (कार्यालय प्रमुखों) द्वारा हिंदी में अधिकाधिक डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना वर्ष 2024-2025

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 11.4.2025 का कृपया अवलोकन करें। पत्र के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि क.रा.बी.निगम के अधिकारियों को हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निगम के कार्यालयों/अस्पतालों में हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना लागू है। इस प्रोत्साहन योजना में अन्य अधिकारियों के साथ-साथ बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी/अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/निदेशक (चिकित्सा)/निदेशक/प्रभारी संयुक्त निदेशक/प्रभारी उप निदेशक/चिकित्सा अधीक्षक आदि कार्यालय प्रमुख भाग ले सकते हैं। इस प्रोत्साहन योजना में भाग लेने वाले कार्यालय प्रमुखों को अपना तत्संबंधी रिकॉर्ड मुख्यालय भेजना होता है और मुख्यालय में इस प्रयोजन के लिए गठित मूल्यांकन समिति की सिफ़ारिशों पर बीमा आयुक्त द्वारा पुरस्कार की मंजूरी दी जाती है। योजना में भाग लेने वाले अधिकारी नीचे दिए गए प्रोफॉर्मा में अपने डिक्टेशन का रिकॉर्ड रखेंगे :-

क्र.सं.	दिनांक	डिक्टेशन में लिखी गई पंक्तियों की संख्या	फ़ाइल संख्या	अभ्युक्ति

इस योजना में भाग लेने के इच्छुक कार्यालय प्रमुखों से हिंदी में दिए गए डिक्टेशनों का रिकॉर्ड/आवेदन दिनांक 30.5.2025 तक मुख्यालय भिजवाने का अनुरोध किया गया था। किसी भी कार्यालय प्रमुख से रिकार्ड/आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः पुनः अनुरोध किया जाता है कि वर्ष 2024-2025 (01.04.2024 से 31.03.2025) के दौरान इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक कार्यालय प्रमुख अपनी मातृभाषा का उल्लेख करते हुए हिंदी में दिए गए डिक्टेशनों का रिकॉर्ड दिनांक 18.7.2025 तक मुख्यालय भिजवाने का श्रम करें ताकि उसे प्रतियोगिता में शामिल किया जा सके। योजना के नियम एवं शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी।

भवदीय,

Digitally signed by
Sham Sunder Kathuria
Date: 28-06-2025
22:27:44

(श्याम सुंदर कथूरिया)
निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि :

1. मुख्यालय के सभी अधिकारियों को सूचना एवं समरूप कार्रवाई हेतु।
2. वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

निदेशक (राजभाषा)